दिनांक : 26/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे
2- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला कलेक्टरों को गेहूं खरीदी के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए
3- लोक सेवा आयोग द्वारा आज 54 जिला मुख्यालय केन्द्रों पर राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन
4- मौसम विभाग ने प्रदेश के बारह जिलों में लू की चेतावनी जारी की

---------------------------------------------------------------

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी से इस कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जाएगा।

---------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री - नीति आयोग

सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी का स्थान लेंगे। सरकार ने श्री राजीव गौबा, प्रोफेसर के.वी. राजू, प्रोफेसर गोबर्धन दास, डॉ. एम.श्रीनिवास और प्रोफेसर अभय करांदिकर को आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री लाहिड़ी और नवनियुक्त पूर्णकालिक सदस्यों को शुभकामनाएं दीं हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि नीति आयोग भारत की नीति-निर्माण संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है। इससे, सहकारी संघवाद को बढ़ावा मिलता है, सुधार आगे बढ़ाये जाते हैं और जीवन-यापन आसान होता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है।

---

गेहूं खरीद

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल रायसेन में विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र की गेहूं उपार्जन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनका पूरा ध्यान रखा जाए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री  चौहान ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में गेहूं का बंपर उत्पादन हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसानों के गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी। उन्होंने अधिकारियों को खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए पुख्ता और सुव्यवस्थित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

---

गेहूं उपार्जन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कल वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से प्रदेश में गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान कहा कि लघु एवं सीमांत कृषकों के साथ-साथ मध्यम एवं बढ़े किसानों के लिये भी स्लॉट बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। उपार्जन केंद्रों की क्षमता 1000 क्विंटल प्रतिदिन से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है। स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 09 मई कर दी गई है। डॉ. यादव ने गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 3 हजार 516 उपार्जन केन्द्र संचालित हैं। 3 लाख 97 हजार 516 किसानों से 16 लाख 64 हजार 157 मे. टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। उन्होंने जिला कलेक्टरों को गेहूं खरीदी के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

सिंधिया दौरा

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल अपने गुना संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान शिवपुरी जिले के लुकवासा में जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर निराकरण किया। कोलारस में 19 करोड रुपए के विकास

कार्यों का भूमि पूजन, शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने सीएम राइज स्कूल का लोकार्पण किया। इस मौके पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया।

---------------------------------------------------------------

आयोग परीक्षा

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आज 54 जिला मुख्यालय केन्द्रों पर राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परिसर इंदौर में कमांड कंट्रोल बनाया गया है जहां से राज्य सेवा परीक्षा की सतत् निगरानी होगी। कंट्रोल रूम में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2026 में नवीन त्रि-स्तरीय प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी को शामिल किया गया है। इसके तहत अभ्यर्थियों को बॉयोमेट्रिक प्रमाणीकरण, सीसीटीवी वेबकास्टिंग से निगरानी, अत्याधुनिक मेटल डिटेक्टर (HHMD) द्वारा महिला एवं पुरूष की अलग-अलग तलाशी शामिल है। किसी भी परीक्षा केन्द्रों पर यदि कहीं कोई कदाचरण या गड़बड़ी की आशंका होने पर या आपातकालीन स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर कंट्रोल रूम के माध्यम से केन्दाध्यक्षों से सीधी बातचीत कर उसका समाधान किया जा सकेगा। आगरमालवा, बैतूल, अशोकनगर, धार और गुना सहित प्रदेश के 54 जिलो में परीक्षा के व्यापक इंतेजाम किए गए हैं।

---------------------------------------------------------------

शहरी चुनौती कोष

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए शहरों की तत्परता अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि ये शहर विकास, नवाचार और रोजगार को बढ़ावा देने में केंद्रीय भूमिका निभाएंगे। राज्य के शहरी विकास मंत्रियों और सचिवों के साथ 'शहरी चुनौती कोष' पर एक विस्तृत चर्चा की अध्यक्षता करते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि अर्बन चैलेंज फंड भारत के शहरी विकास के दृष्टिकोण में एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है; ।

---------------------------------------------------------------

पश्चिम बंगाल-प्रचार

पश्चिम बंगाल विधानसभा के दूसरे चरण का प्रचार तेज हो गया है और विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक रैलियों, रोड-शो और जनसभाओं के माध्यम से मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय

जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में कई रैलियों को सम्बोधित करेंगे। भाजपा के ही वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने कल पूर्व वर्धमान में जमालपुर में कहा कि सत्ता में आने पर भारतीय जनता पार्टी राज्य में समान नागरिक संहिता और सातवां वेतन आयोग लागू करेगी दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने उत्तरपाडा में सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में मतदाताओं के लिये संघर्ष किया और मतदाता सूची से हटाए गए 32 लाख लोगों के नाम जुड़वाए। इस बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सेरामपुर, मेतियाबुर्ज और शाहिदमिनार में बैठकों को सम्बोधित किया।

---------------------------------------------------------------

मौसम

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह से ही सूरज के तेवर तीखे होने लगते हैं। प्रदेश के बारह जिलों में लू की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। वहीं खजुराहो में सबसे ज्यादा तैतालिस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर और तेज हो सकता है।

---------------------------------------------------------------

आई.पी.एल. क्रिकेट

आई.पी.एल. क्रिकेट में कल रात जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया।

आज आई.पी.एल. में दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच चेन्नई में दिन में साढ़े तीन बजे से गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। दूसरे मैच में शाम साढ़े सात बजे लखनऊ में कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जॉयंट्स से होगा।

---------------------------------------------------------------

संक्षिप्त समाचार

1- मंदसौर जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत जिला न्यायालय के प्रमुख

न्यायाधीश एवं अन्य सभी न्यायाधीशों स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना की शुरुआत की।

2- आगरमालवा जिले में दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा आज से विशेष अभियान संचालित किया जाएगा।

3- गुना के बीनागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व मलेरिया दिवस पर विकासखंड स्तरीय बैठक एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कल किया गया।

4- बैतूल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में कल जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

5- शिवपुरी जिला सर्किल जेल में कल दिव्यांगता परीक्षण, प्रमाण पत्र एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया।

---------------------------------------------------------------